# NURSERY RHYMES - CYCLE 4 - HINDI

मम्मी की रोटी गोल गोल,
पापा का पैसा गोल गोल,
दादा का चस्मा गोल गोल,
दादी की बिंदिया गोल गोल,
ऊपर पंखा गोल- गोल
नीचे धरती गोल -गोल
चंदा गोल सूरज गोल
हम भी गोल तुम भी गोल
सारी दुनिया गोल –मटोल

हम नन्हे मुन्हे बच्चे हैं,
दाँत हमारे कच्चे हैं,
हम भी सरहद जायेंगें,
सीने पे गोली खायेंगें,
मर जायेंगें, मिट जायेंगें,
देश की शान बढ़ायेंगें,
देश की शान बढ़ायेंगें

## सर्दी

मौसम बदला, आई सर्दी,
श्यामू पहने मोटी वर्दी।
ठंडी हवा जब ज़ोर से चलती,
पिंकी इसमें खूब ठिठुरती।
गले में मफ़लर, ऊपर कंबल,
रहना इससे खूब संभलकर।

चुन चुन करती आई चिड़िया
दाल का दाना लाई चिड़िया
मोर भी आया कौआ भी आया
चूहा भी आया बन्दर भी आया
खौं, खौं, खौं खौं खौं
चुन चुन करती आई चिड़िया...

भूख लगे तो चिड़िया रानी
मूँग की दाल पकाएगी, दाल पकाएगी - २
कौआ रोटी लाएगा लाके उसे खिलाएगा
मोर भी आया कौआ भी आया
चूहा भी आया बन्दर भी आया
खौं, खौं, खौं खौं खौं
चुन चुन करती आई चिड़िया...

Indif.com